कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

संख्या:-स्थापना(ले०प०)/विविध/21-22/ग-118 दिनांक:-09.07.2021

कार्यालय आदेश

अपर उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (पूर्वी क्षेत्र) दिनांक 12.07.2021 से 16.07.2021 तक इस कार्यालय के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे को देखते हुए इस अवधि में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी के अवकाश को स्वीकृत नहीं किया जाएगा । सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वो कार्यालय में समय निष्ठा का पालन करेंगे । विशेष व आपातकालीन परिस्थितियों में नियंत्री अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति हेतु उप महालेखाकार(प्रशासन) से अनुशंसा की जा सकती है ।

साथ ही यह देखा जा रहा है कि कुछ अधिकारी/कर्मचारी जीन्स, टी-शर्ट, स्पोर्ट्स शूज, चप्पल इत्यादि पहन कर कार्यालय आ रहे हैं जो कि कार्यालयीन गरिमा के अनुरूप नहीं है। अतः प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यालय में उचित फॉर्मल पोशाक पहनेंगे तथा गले में ऑफिस आइकार्ड पहनना अनिवार्य होगा। जीन्स, टी-शर्ट, स्पोर्ट्स शूज, चप्पल इत्यादि पहन कर कार्यालय आने पर प्रवेश वर्जित रहेगा। विशेष चिकित्सकीय परिस्थिति में ही स्पोर्ट्स शूज या चप्पल पहनने की अनुमति दी जाएगी तथा इसके लिए चिकित्सकीय परामर्श से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने होंगे। सभी MTS उनके लिए पहले से निर्धारित रंग के फॉर्मल पोशाक ही पहनेंगे। सभी नियंत्री अधिकारी इस आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। **फॉर्मल पोशाक में कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।**

(प्राधिकार : महालेखाकार (लेखापरीक्षा) का आदेश दिनांक 09.07.2021)

ह०/-

उपमहालेखाकार (प्रशासन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. सचिव, महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना ।
2. सभी स्कन्ध अधिकारीगण (लेखापरीक्षा) का सचिवालय ।
3. सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ।
4. सभी सूचना पट्ट ।
5. सभी व्हाट्सअप्प ग्रुप ।

9/7/21

वरीय लेखा परीक्षा अधिकारी (प्रशासन)